कृष्ण नाम की रंगी

कृष्ण नाम की रंगी चुनरिया,
अब रंग दूजा भाये ना,

बोझा भारी रैन अन्हारी,
जाउ कहा मैं कृष्ण मुरारी,
हठ पकड़ी है मेरे दिल ने,
और के द्वारे जाए ना,
कृष्ण नाम की.....

लोक लाज मैं तजी सावरिया,
बन बन डोलू बन के बावरिया,
गिरधर मेरे तेरी दासी,
कही चैन अब पाये ना,
कृष्ण नाम की.......

रंग तुम्हारा चढ़ गया मोहन,
बन गयी मैतो तेरी जोगन,
(प्यासा) की अंखिया रास्ता निहारे,
क्यु तू दर्स दिखाए ना,
कृष्ण नाम की रंगी चुनरिया.......

Hemkant jha प्यासा
हेमकांत झा प्यासा
9831228059
8789219298

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15671/title/krishan-naam-ki-rangi-chunariyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |